Title : Regarding continuity of service of employees appointed on contractual basis in NTPC, Tanda, Ambedkar Nagar District, Uttar Pradesh-laid

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : एनटीपीसी, टांडा जिला अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश में लगभग 3000 कर्मचारी आउटसोर्सिंग के रूप में विभिन्न ठेकेदारों द्वारा कार्यरत हैं । उक्त संबंध में जब निविदा में परिवर्तन होता है तो नया ठेकेदार उनको हटा देता है और नए कर्मचारियों की नियुक्ति करता है । जिसके कारण उक्त कार्यरत निविदा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामने संकट उत्पन्न हो जाता है । अतः सरकार से मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरह यह शासनादेश जारी करने का कष्ट करें कि उक्त कार्यरत कर्मचारियों को निविदा में परिवर्तन होने पर भी उन्हें नहीं हटाया जाए एवं साथ ही यह भी मांग भी है कि एनटीपीसी द्वारा प्रभावित व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाए ।